## खास-खबरें

### उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में उपजेल, गंजबासौदा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं शशांक सिंह प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, गंजबासौदा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में कैदियों को संविधान के मूलभूत अधिकार, निशुल्क विधिक सहायता ,परिवीक्षा अधिनियम, मानसिक रूप से विकलांग और मानसिक रूप से बीमार कैदियों के लिए विधिक सेवाओं के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त जेल लोक अदालत, जेल लीगल एड क्लीनिक, अपील का अधिकार, नशा पीड़ित कैदियों को विधिक सेवाएं योजना 2015 के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सुनील बाबू पिंगले समाजसेवी, राजेश सक्सेना अधिवक्तासहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में न्यायिक अतिथियों ने कैदियों की परेशानियां सुनते हुए उनका समाधान दिया ।

### स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई

गंजबासौदा। नगर के समीप सक्सेना फार्म हाउस चौरावर रोड पर सम्पूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति की सुगन्ध बिखेरने वाले युवा सन्यासी, प्रकाण्ड विद्वान युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई इस अवसर पर एडवोकेट सौरभ सक्सेना ने दीप प्रज्वलित किया तथा उपस्थित जागरूक नागरिकों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया इसमें शामिल हुए मनोज खटवानी, यशवंत भार्गव, कमलेश रज्जक, सुमित चौहान, राजीव श्रीवास्तव, दिनेश विश्वकर्मा, तीरथ विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा, बलवीर सिंह दांगी, नवल कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा आदि शामिल हुए।

### नदी चौराहे बस स्टॉप पर अब मिलेगी मुसाफिरों को सुविधा

**सीहोर।** नदी चौराहे पर सुलभ शौचालय और स्नानागार निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और यातायात के साधनों से नदी चौराहा शहर का प्रमुख बस स्टॉप बन गया है यहां से प्रतिदिन सैकड़ो मुसाफिर इंदौर इछावर बिलकिसगंज भोपाल की ओर सफर करते हैं तो वहीं अनेक व्यापारी वाहन चालक भी यहीं पर ठहरते हैं। नदी चौराहे पर सुविधाजनक आधुनिक शौचालय और स्नानागार निर्माण से मुसाफिरों व्यापारियों दुकानदारों को सुविधा मिलेगी तो वही चौराहे की सुंदरता भी बढ़ेगी और स्वच्छता का वातावरण भी बना रहेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना, स्थानीय वार्ड पार्षद नागरिक व्यापारी दुकानदार यात्री और वाहन चालक उपस्थित रहे।

# एक साल में उज्जैन स्टेशन और ट्रेनों से यात्रियों का दो करोड़ का माल चोरी

## अभी तक केवल 41 लाख का चोरी गया सामान ही जप्त कर पाई है पुलिस, घटनाएं लगातार बढ़ रही

**उज्जैन।**

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाएँ बढ़ गई है। हालत यह है कि साल 2024 में 1 करोड़ 98 लाख 17 हजार 935 का माल चोरी जा चुका हैं। इसमें से रेलवे पुलिस केवल 41 लाख 65 हजार 233 रुपए के सामान की जप्ती कर पाई है।




उल्लेखनीय है कि उज्जैन में महाकाल लोक बनने के कारण रेलवे में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है जिसका फायदा कुछ अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोग उठा रहे हैं। चलती गाडियों में मोबाइल पर्स चुरा रहे हैं। साल 2024 में एक जनवरी से 31 दिसंबर के बीच 365 दिनों में 700 से ज्यादा चोरियाँ हो चुकी है। इनमें लाखों रुपए नकदी व मोबाइल, जेवरात व अन्य सामान शामिल हैं। यदि साल 2024 में हुई चोरियों के सामान की कीमत का आंकड़ा देखें तो 1 करोड़ 98 लाख 17 हजार 935 रुपए है। जबकि रिकवरी केवल 41 लाख 65 हजार 233 रुपए की हो सकी है। यह कुल चोरी गए सामान का 21 प्रतिशत ही है, वहीं साल 2023 में 1 करोड़ 29 लाख 13 हजार 331 रुपए का सामान चोरी हुआ था, जिसमें 61 लाख 39 हजार का सामान वापस मिला था। जाहिर है कि आरपीएफ और जीआरपी रेलवे पुलिस के यात्री सुरक्षा संबंधी तमाम दावों के बाद भी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म और ट्रेनों से सामान चोरी होने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लूट वाले क्षेत्रों को चिह्नित किए जाने के बाद भी इन्हीं स्थानों के आसपास मोबाइल छीनने, लगेज बेग या अन्य सामान छुड़ाकर ले जाने की घटनाएँ कम नहीं हो रही है।

**25 लाख से अधिक कीमत के मोबाइल हुए चोरी:** जीआरपी पुलिस के मुताबिक बीते 12 महीने के अंदर बदमाशों द्वारा ट्रेन में करीब 700 मोबाइल चोरी किए जा चुके थे। जिनकी कीमत 25 लाख रुपए से ज्यादा हैं। राहत की बात यह है कि इसमें से करीब 300 मोबाइल जीआरपी पुलिस ने ढूंढ भी निकाले हैं। मामले में जीआरपी थाना प्रभारी सोहनलाल पाटीदार ने बताया कि उज्जैन जीआरपी क्षेत्र में हर माह औसत 20-30 मोबाइल गुम होते हैं, पिछले 12 माह में जितने भी मोबाइल गुम हुए थे। उनको सर्विलांस पर लगाकर तलाश करने के लिए एक टीम गठित की गई है, अभी तक लगभग 300 मोबाइल ट्रेस कर लिए गए हैं। ट्रेस किए गए मोबाइलों को उनके मालिकों को भी लौटाया जा चुका हैं। शेष मोबाइल भी ट्रेस किए जा रहे हैं।

**यात्रियों की सतर्कता से आ सकती है कमी:** उज्जैन रेलवे क्षेत्र से निकलने वाली वे चार अलग-अलग ट्रेनें, जिनमें इस साल सबसे ज्यादा चोरी की घटनाएँ सामने आई हैं। यानि चोरों की सबसे ज्यादा नजर मालवा, इंदौर बिलासपुर, ओवर नाईट और इंदौर भोपाल स्पेशल ट्रेन सहित करीब 15 ट्रेनों पर रहती है। इन ट्रेनों के आवागमन करने के दौरान उन्हें जब भी मौका मिलता है, इनमें विंडो पर या गेट पर खड़े यात्रियों का मोबाइल, बेग आदि छीनकर भाग जाते हैं। जीआरपी थाने के प्रभारी सोहनलाल पाटीदार ने बताया कि यदि यात्री थोड़े चौकन्ने हो जाएँ तो चोरी की घटनाओं में खासी कमी आ सकती है। वहीं अधिकांश चोरियों में इंदौर और भोपाल के चोर पकड़ में आए हैं जिनके पहले भी कई अपराधिक रिकॉर्ड रह चुके हैं।

# यूका कचरा जलाने बाबत फैक्ट्री में जन संवाद जारी



**पीथमपुर।** मध्य प्रदेश प्रदूषण मंडल एवं धार प्रशासन एसडीएम पीथमपुर के माध्यम से यूनियन कार्बाइड के कचरा जलाने से संबंधित प्रश्नों के उत्तर के लिए विभिन्न फैक्ट्री में कर्मचारियों के साथ जन संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं एवं संपूर्ण वैज्ञानिक पद्धति को समझाया जा रहा है।

मोयरा फ्लेक्सी टेब शक्ति पंप माइलेन इंडौर फेब फैक्ट्री में जन संवाद किया गया। प्रबंधकों का सहयोग मिल रहा है।

यूको का कचरा किस तरह जलाया जाएगा प्रदूषण पर क्या प्रभाव पड़ेगा आम लोगों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा वर्ष 2015 में भी कचरा जलाया गया था उसका क्या प्रभाव पड़ा उसका भी मॉनिटरिंग किया गया था। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट मध्य प्रदेश प्रदूषण मंडल के पोर्टल पर उपलब्ध है। जो की माननीय न्यायालय में भी प्रस्तुत की गई थी। सुरक्षा के क्या इंतजाम किए जा रहे हैं भ्रम की स्थिति क्या-क्या है कचरा जलाने के बाद उसका क्या किया जाएगा सभी सवालों के उत्तर मध्य प्रदेश प्रदूषण विभाग तथा एसडीएम पीतमपुर धार जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे हैं। जन संवाद का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा।

गौर तलब है कि मध्य प्रदेश शासन के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट ने 6 सप्ताह का समय दिया है। मध्य प्रदेश शासन चाहता है कि जनसंवाद के माध्यम से गलत जानकारी अफवाहों पर जनता के बीच सच्चाई प्रस्तुत की जाए वीडियो के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जन संवाद प्रेजेंटेशन दिया जा रहा है।

# महाकाल मंदिर दर्शन कांड के 10 आरोपी भैरवगढ़ जेल में, एक निकला एड्स पीड़ित

उज्जैन। महाकाल मंदिर में अवैध रूप से रुपए लेकर दर्शन करने के मामले में मंदिर समिति और सुरक्षा एजेंसी के 14 कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से 10 को न्यायालय ने भैरवगढ़ जेल भेज दिया है। इनमें से एक आरोपी जेल में जांच के दौरान एड्स का मरीज पाया गया है। स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से उसे अलग बैरक में रखा गया है।

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन के नाम पर अवैध वसूली के आरोपियों को जेल भेजने के बाद एक और बड़ा खुलासा हुआ है। 10 आरोपियों में से एक आरोपी एड्स पीड़ित निकला है। जानकारी लगने के बाद जेल प्रशासन ने उसके बेहतर इलाज और उसे विशेष निगरानी में रखने की व्यवस्था की है।

उल्लेखनीय है कि दर्शन के नाम पर महाकाल के भक्तों से अवैध वसूली के मामले में अब तक 14 लोगों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। जिसमें मंदिर के कर्मचारी सहित मीडियाकर्मी और ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल है। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि जेल मेनुअल के तहत सभी आरोपियों की जरुरी जांच की जाती है। ये जाँच पुलिस ही जेल आने वाले सभी आरोपियों की करवाकर भेजती हैं। ताकि जांच में गंभीर बीमारी होने पर उन्हें उचित इलाज मिल सके। एहतियात के तौर पर ।ढ्ढड्ड की जांच भी की जाती है। इसकी रिपोर्ट आने पर पता चला की मंदिर मामले के पकड़े गए 10 कर्मचारियों में से एक ।ढ्ढड्ड पीड़ित है। जेल में उस एक आरोपी को जांच में एड्स की बीमारी निकली हैं। ऐसे में उक्त आरोपी को जेल के अलग बैरक में डॉक्टर की निगरानी में रखा गया हैं। जेल में बंद महाकाल मंदिर के कर्मचारी के एड्स पीड़ित होने की खबर के बाद महाकाल मंदिर में चर्चाओं का दौर गर्म है।

### छाए बादल, ठंड से राहत, बढ़कर 8.8 डिग्री पर पहुंचा

सीहोर। सीहोर जिले में मौसम ने करवट ली है। जिले में बुधवार को न्यूनतम तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। मंगलवार को जहां न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस था, वहीं बुधवार को यह बढ़कर 8.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव का मुख्य कारण आसमान में छाए बादल हैं। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आसमान में बादल छा गए हैं। इसके अलावा, हवाओं की दिशा में भी बदलाव आया है। पहले जहां उत्तर दिशा से हवाएं चल रही थीं, अब वे पूर्व दिशा से आ रही हैं। इन दोनों कारणों से तापमान में वृद्धि हुई है और लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है।

# पहली बार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा अंतिम वर्ष के बीवीएससी छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह

**जबलपुर।**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार, जबलपुर स्थित पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी के छात्रों का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम 17 जनवरी 2025 को आयोजित होगा, जिसमें 212 नवोदित पशु चिकित्सक औपचारिक रूप से पशु चिकित्सा पेशे में शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम जबलपुर के पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय के कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के तीन संबद्ध महाविद्यालयों—जबलपुर, महू और रीवा—के छात्र भाग लेंगे। स्नातक बैच में जबलपुर और महू से 74-74 छात्र और रीवा से 64 छात्र शामिल हैं, जो पशु चिकित्सक की शपथ लेंगे। यह शपथ उनके पशु कल्याण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैतिक पशु चिकित्सा प्रथाओं के प्रति समर्पण का प्रतीक होगी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे श्री लखन पटेल ,मध्य प्रदेश के माननीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री। माननीय सांसद, जबलपुर, श्री अशीष दुबे और माननीय विधायक, जबलपुर कैंट, श्री अशोक रोहाणी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त, पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

यह कार्यक्रम माननीय कुलपति, डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। वे इस ऐतिहासिक पहल के संरक्षक हैं, जिनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने इस महत्वपूर्ण आयोजन को साकार किया है।

समारोह का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन सत्र से होगा, जिसके बाद छात्र छात्राओं को पशु चिकित्सक की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति प्रेरणादायक संबोधन देंगे और पशु चिकित्सा विज्ञान के महत्व को रेखांकित करेंगे, जो पशु स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करता है।

# अभियान में 90,378 आवेदनों का हुआ निराकरण



सीहोर। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान जिले में प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत अभी तक नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 535 जनकल्याण शिविर लगाए गए हैं। जिले में अभी तक कुल 1,02,241 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 90,378 आवेदन पत्रों पर कार्रवाई कर निराकृत कर लिया गया है।

**विकासखंडवार जनकल्याण अभियान की प्रगति:** कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि सीहोर विकासखंड में कुल 143 जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 21,148 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार आष्टा विकासखंड में कुल 86 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 18,536 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। भैरूंदा विकासखंड में कुल 72 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 8843 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। इछावर विकासखंड में कुल 48 शिविर आयोजित कर कुल 9781 आवेदन निराकृत किए गए हैं। बुधनी विकासखंड में कुल 58 शिविर आयोजित कर 11,464 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

**नगरीय निकायवार जनकल्याण अभियान की प्रगति:** कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि सीहोर में अभी तक कुल 26 जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए है, जिनमें 6339 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार आष्टा में कुल 13 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें 1542 आवेदन निराकृत किए गए हैं। भैरूंदा में अभी तक 15 शिविर आयोजित कर 1816 आवेदन निराकृत किए गए हैं। रेहटी में अभी 09 शिविर आयोजित कर कुल 387 आवेदन निराकृत किए गए हैं।

शाहगंज में अभी तक 15 शिविर आयोजित कर कुल 1279 आवेदन निराकृत किए गए हैं।

# विद्यार्थियों ने शा. पॉलोटेकनिक महाविद्यालय का भ्रमण किया

**मंदसौर।**

शिवशंकर शर्मा शा. पॉलोटेकनिक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा बताया गया की महाविद्यालय में शत-प्रतिशत प्रवेश किये जाने के अंतर्गत शा. उ. मा. वि. नगरी के 46 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती रीटा शर्मा, श्री भंवरलाल सागित्रा, श्री शंकर सिंह चौहान के साथ शासकीय - पोलीटेक्निक महाविद्यालय में भ्रमण किया गया।



संस्था प्राचार्य डॉ. डी.के. शर्मा द्वारा विद्यार्थियों के अलग-अलग चार ग्रुप बनाकर महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांचों की लेब का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य डॉ. डी.के. शर्मा द्वारा तकनीकी शिक्षा में उन्नति एवं भविष्य के साथ साथ प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।

### राष्ट्र सेविका समिति द्वारा प्रकट समारोह संपन्न

**गंजबासौदा। नगर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती एवं मकर संक्रान्ति उत्सव के अवसर पर शाखा प्रकटीकरण उत्सव मानस भवन में मनाया गया। जहाँ सेविकाओं ने सूर्य नमस्कार, दंड, नियुद्ध, समता तथा शौर्य कार्यकर्मो का प्रदर्शन किया।**

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह शारीरिक प्रमुख महाकौशल प्रांत प्रचारिका सुश्री वसुधा सुमन दीदी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, अध्यक्ष जन भागीदारी समिति सुभद्रा कुमारी महाविद्यालय ने की। वसुधा दीदी ने समिति की स्थापना कार्य प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका बताई। मंच पर नगर कार्यवाहिका प्रियंका माथुर उपस्थित रहीं। उक्त आयोजन में प्रांत सह शरीरिक प्रमुख निधि शर्मा, सह विभाग कार्यवाहिका रश्मि ताम्रकार, जिला कार्यवाहिका अर्वंतिका बघेल जिला संपर्क प्रमुख जयश्री रघुवंशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल सहित नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहें।

# नगरपालिका विकास शुल्क कॉलोनाइजरों से वसूलेःशर्मा

**सीहोर।**

सीहोर नगरपालिका द्वारा अवैध कॉलोनी में रहने वालों से लिए जा रहे भारी भरकम विकास शुल्क को वापस लेकर इसकी भरपाई कॉलोनाइजरों से किए जाने तथा सीहोर नगरीय क्षेत्र की सभी अवैध कॉलोनियों की सूची अखबारों में 3 दिनों तक लगातार विज्ञापन के माध्यम से जारी किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के नाम संबोधित एक ज्ञापन नपा सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित को सौंपा ।



सबसे पहले कांग्रेसजन स्थानीय तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क पहुंचे और वहां बापू की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को नमन किया तत्पश्चात सभी कांग्रेसजन नपा कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे ।

ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने कहा कि सीहोर नपा द्वारा अवैध कॉलोनी वासियों से लिया जा रहा भारी भरकम शुल्क अतार्किक है और इससे उनका बजट गड़बड़ाने से उनका स्वयं का घर बनाने का सपना अधूरा रह सकता है इसलिए इस टैक्स को तत्काल वापस लेकर इसकी भरपाई कॉलोनाइजरों से की जानी चाहिए । पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इसके साथ ही सीहोर नगरीय क्षेत्र में आने वाली सभी अवैध कॉलोनियों की सूची सीहोर नपा द्वारा लगातार 3 दिनों तक विज्ञापन के माध्यम से सभी दैनिक अखबारों में प्रकाशित की जाए ताकि आम जनता इन अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के चंगुल में फंसने से बच सके और उसकी गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद होने से बच सके।

पंकज शर्मा ने कहा कि अभी नपा द्वारा कुछ दिनों पहले अवैध कॉलोनियों की जो सूची जारी की गई थी वो आधी अधूरी थी, उसमें जीवन वाटिका सहित कई बड़ी अवैध कॉलोनियों के नाम ना होना आश्चर्यजनक ही नहीं बल्कि संदेहास्पद भी था कि क्यों नपा ने इस सूची में जीवन वाटिका का नाम नहीं दिया था, क्यों जीवन वाटिका को इतनी रियायत दी जा रही है, क्यों जीवन वाटिका सहित कई अन्य अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है जबकि उनके द्वारा इस विषय में शासन और प्रशासन को अवगत कराने हेतु पूर्व में ज्ञापन भी दिया जा चुका है । ज्ञापन के साथ ही कांग्रेसजनों ने नपा सीएमओ को गुलाब के फूल भेंट कर गांधीगीरी के माध्यम से उनसे अपनी मांगे माने जाने का आग्रह किया । इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि आज हमने नपाध्यक्ष के नाम का 2 सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन नपा सीएमओ को सौंपा है और इसके साथ ही हमने उन्हें गुलाब के फूल भेंट कर गांधीगीरी के माध्यम से अपनी दोनों मांगों को तत्काल माने जाने का आग्रह भी उनसे किया है लेकिन यदि सीहोर नपा परिषद द्वारा हमारी मांगों को नहीं माना गया तो आगे हम जनभावनाओं को देखते हुए जनहित में इस बारे में बड़ा आंदोलन और प्रदर्शन करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सीहोर नपा प्रशासन और नपा परिषद की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा, जफर लाला, नपा में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, नरेंद्र खंगराले, सीताराम भारती, आसिफ अंसारी, अरुण मालवीय, पन्नालाल खंगराले, कमलसिंह अहिरवार, मांगीलाल टिमरई, दीपक सोनकर, सलीम भाई, भवरसिंह पेठारी, मेहमूद अली, शेरू खान, ममता शर्मा, दीपिका शर्मा, राजकुमार आदि कांग्रेसजन शामिल हैं ।